26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 24 मई, 2026

अंक- 209 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# ग्राम प्रधान बनेंगे प्रशासक?

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव 2026 टलना तय माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार योगी सरकार ने वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने का निर्णय लिया है। जल्द ही इसकी घोषणा की जा सकती है। ग्राम सभाओं का कार्यकाल 26 मई को पूरा हो रहा है। योगी सरकार ने वर्तमान ग्राम प्रधानों को बड़ी सौगात देने की तैयारी कर ली है। प्रदेश में सभी 57,694 प्रधानों को पहली बार प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया जा सकता है। इससे पहले एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाया जाता था। प्रदेश के ग्राम प्रधान पिछले काफी दिनों से खुद को प्रशासक नियुक्त करने की मांग कर रहे हैं। उधर, हाल ही में सरकार ने ओबीसी आयोग का गठन किया है। आयोग को 6 माह में रिपोर्ट देनी है। उसी के आधार पर ग्राम पंचायतों के अगले चुनाव होने हैं। माना जा रहा है कि ग्राम पंचायतों के चुनाव विधानसभा चुनाव के बाद ही हो पायेंगे।

# राजेंद्र पेंसिया देश के टॉप 100 डीएम में शामिल

## संभल का 'कायाकल्प' करने से बनी पहचान



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में अपनी प्रशासनिक कार्यशैली से अलग पहचान बनाने वाले आईएएस अफसर डॉ. राजेंद्र पेंसिया अब देश के टॉप जिला मजिस्ट्रेट्स में शामिल हो गए हैं। संभल के पूर्व जिलाधिकारी और हाल ही में मुरादाबाद के डीएम बने डॉ. पेंसिया को प्रतिष्ठित मैगजीन 'फेम इंडिया' के अखिल भारतीय सर्वेक्षण में देश के 100 बेस्ट परफॉर्मिंग जिला मजिस्ट्रेट्स की सूची में जगह मिली है। खास बात यह है कि डीएम के रूप में यह उनकी पहली पोस्टिंग थी और महज दो साल के कार्यकाल में उन्होंने संभल जैसे पिछड़े जिले की तस्वीर बदलने की कोशिश की। यह सर्वे जिलाधिकारियों का मूल्यांकन प्रशासनिक क्षमता, जवाबदेही, संकट प्रबंधन, संवाद कौशल और विकासोन्मुख सोच जैसे 10 कड़े मानकों पर किया गया। पीएम श्री स्कूलों और उनके द्वारा शुरू किए गए संभल श्री स्कूलों की चमक आज संभल की नई पहचान है। स्कूलों के आधुनिकीकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर उनके फोकस ने सरकारी स्कूलों के प्रति जनता का नजरिया बदला। एक समय पिछड़े जिले के रूप में पहचाने जाने वाले संभल की छवि उनके कार्यकाल में बदलती नजर आई।

## आवश्यकता है

पी.जी.टी. टीचर्स CHEMISTRY, ENGLISH, टी.जी.टी. टीचर्स ENG., Science, S.St, Computer Teacher (केवल इंगलिश मीडियम कक्षाओं के लिए) साक्षात्कार 29 मई दिन शुक्रवार समय प्रातः 9 बजे।

राधा इण्टर कॉलेज अल्हैपुर, धामपुर (बिजनौर)

contact no. 9045539595

खुशखबरी! खुशखबरी!

## स्पेशल ईद ऑफर

Ravi Interiors™
A Complete House of Interior
WALLPAPER HUB

ईद के मुबारक त्यौहार पर रवि इंटीरियर्स आपके सपनों के घर को सस्ते में सजाने का आकर्षक ऑफर लाया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. P.V.C. CEILING PANEL | - | 140/- |
| 2. P.V.C. SUPER HEAVY | - | 170/- |
| 3. U.V. ROLL 10x4 F.T. | - | 480/- |
| 4. BLACK LINE FLUTED PANEL 10" | - | 240/- |
| 5. GOLD LINE FLUTED PANEL 12" | - | 350 |
| 6. W.P.C. PANEL 17 M.M. | - | 340/- |
| 7. U.V. SHEET 5D. | - | 2850/- |
| 8. U.V. SHEET 3D. | - | 2350/- |
| 9. U.V. SHEET DIGITAL | - | 2000/- |

* ऑफर 21 मई 2026 से ईद तक लागू!

पता- निकट सेंट मैरी स्कूल, देव हॉस्पिटल के सामने, नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

मो. 7341126925, 7341126926

## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

## सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



# नगीना में बंद पड़ी कताई मिल की जमीन पर खोला जाये कृषि विश्वविद्यालय

## एक दर्जन संस्थाओं ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

**नगीना ( चिंगारी )**। नगीना में वर्षों से बंद पड़ी कताई मिल की जमीन पर कृषि विश्वविद्यालय खोले जाने की मांग को लेकर करीब एक दर्जन से अधिक संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में दिया।

नगीना-कोतवाली मार्ग पर करीब ढाई दशकों से बंद पड़ी सहकारी कताई मिल की करीब 280 बीघा जमीन खाली पड़ी है। इस खाली पड़ी आराजी पर कृषि विश्वविद्यालय खोले जाने की मांग को लेकर शनिवार की दोपहर करीब एक दर्जन से अधिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारी व उनके कार्यकर्ता गांधी मूर्ति तिराहे पर एकत्र हुए तथा जुलूस की शक्ल में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके पेशकार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि नगीना ब्रिटिश समय से ही जनपद का महत्व पूर्ण नगर रहा है। यह सबसे प्राचीन तहसील व अंग्रेजी शासन में जिला भी रहा है। यह तहसील औद्योगिक दृष्टिकोण से बहुत पिछड़ी हुई है। ज्ञापन में कहा गया कि नगीना विधानसभा तथा लोकसभा के नाम से भी जाना जाता है। रोजगार के नाम पर यहां के लोग मुख्य तौर पर कृषि पर आधारित हैं। करीब 25 वर्ष पूर्व सहकारी कताई मिल के बंद होने से इसमें काम करने वाले लोग बेरोजगार हो गए थे। ज्ञापन में कहा गया कि इस भूमि को इंडस्ट्रियल एरिया घोषित करने की तैयारी हो रही है, जिससे कुछ व्यक्तियों को ही इसका फायदा पहुंचेगा, क्योंकि नगीना में प्राचीन काल से इंडस्ट्रियल एरिया मौजूद है। ज्ञापन में कहा गया कि कताई मिल की जगह पर कृषि विश्वविद्यालय का निर्माण हो जाने से नगीना ही नहीं पूरा जिले व पश्चिम उत्तर प्रदेश के लगभग 15 जिलों व उत्तराखंड के लगभग पांच जिलों के लोगों व कृषि विज्ञान में भविष्य बनाने वाले छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ होगा। ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन को भाजपा से पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम व रोहित कुमार रवि, भगवान नरसिंह सेवा समिति से



अनंत जैन, क्षत्रिय सभा से सुधीर राणा, श्री अग्रवाल सभा से अध्यक्ष शीतल अग्रवाल, वैश्य लोहिया सभा से अध्यक्ष विशाल गुप्ता, बिश्नोई सभा से राजकुमार बिश्नोई, अखिल भारतीय प्रधान संगठन से दीपक कुमार, अंबेडकर स्मारक समिति से राजकुमार सिंह, कस्बा कोटरा से प्रधान आफताब अंसारी आदि ने भी इस मांग के समर्थन में अपने-अपने मांग पत्र दिए। इस मौके पर विहिप नेता प्रदीप गर्ग, बजरंग दल से राहुल सैनी, सभासद गोपाल प्रसाद शर्मा, तिलक राज, शुभम गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल आदि मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

# चलती बस में आग लगने से हड़कम्प

## यात्रियों में मची चीख-पुकार, शीशे तोड़कर निकले बाहर



**हल्दौर ( चिंगारी )**। नहटौर से बिजनौर जा रही एक रोडवेज की बस में हल्दौर रेलवे स्टेशन तिराहे के पास अचानक आग लग गई, जिससे बस में सवार करीब दो दर्जन से अधिक सवारियों में हड़कंप मच गया और वह जान बचाने के लिए बस की खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर निकले, जिससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया। शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे नहटौर की ओर से आ रही धामपुर डिपो की एक रोडवेज बस नबंर यूपी 20 एटी 8353 जब यहां रेलवे स्टेशन तिराहे के पास पहुंची तो उसमें अचानक आग लग गई और बस में धुआं फैल गया। बस में अचानक आग लगने से बस में सवार करीब दो दर्जन से अधिक सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ सवारियां जान बचाने के लिए बस के शीशे तोड़कर बाहर निकलीं तो कुछ को बस के चालक हरमेंद्र सिंह ने जल्दी-जल्दी खिड़कियों से सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। बस के चालक हरमेंदर सिंह ने बताया कि नहटौर से एक यात्री अपने साथ आम के बागों में विस्फोट करने वाली लोहे के पाइप की नाल लेकर बस में चढ़ा था और उसके पास मौजूद सामान में गंधक-पोटाश का मिश्रण भी था, जिसका किसी को पता नहीं चला। उक्त यात्री ने अपना सामान कंडक्टर सीट के पीछे बोनट के पास रख दिया था। भीषण गर्मी के कारण अचानक उस मिश्रण में आग लग गई, जिससे बस में धुआं भर गया और आग फैलने लगी। चालक हरमेंदर सिंह ने सूझबूझ दिखाते हुए जलते हुए सामान को किसी तरह उठाकर सड़क किनारे फेंक दिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया, जिससे चालक का हाथ भी झुलस गया। इस दौरान लोहे की नाल वाला यात्री रफूचक्कर हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। कुछ समय बाद रोडवेज के धामपुर डिपो के अधिकारी भी थाने पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी प्राप्त कर बिना कोई कार्रवाई के बस चालक और बस को अपने साथ ले गए।

# डेयरी एंड वर्मी कंपोस्ट मेकिंग का प्रशिक्षण दिया



**हल्दौर ( चिंगारी )**। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर द्वारा जनपद बिजनौर के बेरोजगार महिला व पुरुषों को डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कंपोस्ट मेकिंग का कृषि उद्यमी में 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम के द्वारा संजय कुमार, गोविंद, गौरव, मीनाक्षी शर्मा, रीता, रीना, मंजूलता, उद्यम सिंह, गजना, आशान, रियासुद्दीन,विनोद, बृजबाला, राजवाला, नीलम आदि 30 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। ट्रेनिंग के अंतिम एमओआरडी की परीक्षा भी कराई गई। ट्रेनिंग में उद्यमी गुण, सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन, गेम्स,मार्केट सर्वे, बिजनेस प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग क्षेत्र आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। ट्रेनिंग में उन्हें वर्मी कंपोस्ट व पशुओं की विभिन्न बीमारियों, खान पान व रख-रखाव व उन्नत तरीके से कृषि किस तरीके से करते हैं आदि के बारें में विस्तार से बताया। डेयरी प्रोडक्ट्स से वह अपनी आजीविका चलाकर व्यवसाय व बिक्री के रूप में भी प्रयोग करके आजीविका अर्जन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसेटी स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा ।

# लड़कियों के परिजनों ने की प्रेमी युवकों की धुनाई

**हल्दौर ( चिंगारी )**। यहां बालकिशनपुर चौराहा मार्ग पर स्थित एक होटल के बाहर पहुंचे दो प्रेमी युगल जोड़ों को उनके परिजनों ने मौके पर पहुंचकर पकड़ लिया और दोनों युवकों की धुनाई करते हुए थाने ले गए। इस दौरान मौके पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर दो युवक व दो युवतियां बाल किशनपुर चौराहे मार्ग पर स्थित एक होटल के बाहर पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तभी उनके परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्हें पकड़ लिया। गुस्साए परिजनों ने दोनों युवकों की धुनाई कर दी। इस दौरान वहां काफी देर तक हंगामा होता रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। थाने में पूछताछ और दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद दोनों युवक-युवतियों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया। मामले में किसी भी पक्ष द्वारा थाने में तहरीर नहीं दी गई।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# बीमारी से बचाने के लिये आम को पहनाये जा रहे 'पीले वस्त्र'

## एक-एक फल को किया जा रहा कवर

–मोहम्मद यूनुस

**गजरौला शिव (चिंगारी)।** फलों के राजा आम को आंधी-बारिश व कीटों के नुकसान से बचाने के लिए बागवां अब तरह-तरह के तरीके अपना रहे हैं। आम के फल को कवर करने के लिए केमिकल युक्त पीली पन्नी से कवर किया जा रहा है। बिजनौर के प्रसिद्ध जैन फार्म में इन दिनों आम के फलों पर पीले रंग की केमिकल युक्त पन्नी बांधने का काम तेजी से चल रहा है। कारोबारियों का दावा है कि इससे आम सुरक्षित रहता है, सुंदर दिखता है और मंडी में अच्छे दाम मिलते हैं। मंडावर रोड स्थित जैन फार्म जिले के पुराने और बड़े आम बागानों में गिना जाता है। सड़क के दोनों ओर फैले इस फार्म में कई सौ बीघा में आम के पेड़ लगे हुए हैं। जून माह शुरू होते ही आम टपकने लगता है और धीरे-धीरे बाजारों में आम की आवक बढ़ जाती है। ऐसे में बाग मालिक फसल को सुरक्षित रखने के लिए विशेष इंतजाम कर रहे हैं। बाग में इन दिनों मजदूर पेड़ों पर चढ़कर एक-एक आम पर पीले रंग की पन्नी बांधते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आम को पूरी तरह पन्नी से ढक दिया जाता है ताकि फल बाहरी असर से बचा रहे।



### पन्नी से नहीं लगती बीमारी

पन्नी बांधने का काम कर रहे ठेकेदार दिलदार ने बताया कि इस केमिकल युक्त पन्नी से आम पर काले दाग-धब्बे नहीं पड़ते और फफूंदी लगने का खतरा कम हो जाता है। उनका कहना है कि बारिश और तेज हवा में भी फल सुरक्षित रहता है तथा जल्दी गिरता नहीं है। उन्होंने बताया कि पन्नी से ढका आम देखने में अधिक पीला, साफ और आकर्षक दिखाई देता है। यही कारण है कि मंडियों में ऐसे आम की मांग और कीमत दोनों अधिक मिलती हैं।

### एक आम पर 10 रुपये तक खर्च

दिलदार के अनुसार एक पन्नी की कीमत करीब पांच रुपये होती है, जबकि उसे एक फल पर बांधने में करीब पांच रुपये मजदूरी लगती है। इस तरह एक आम पर लगभग 10 रुपये तक खर्च आ जाता है। बावजूद इसके कारोबारी इसे फायदे का सौदा मान रहे हैं।

### सहारनपुर से शुरू हुआ तरीका

दिलदार ने बताया कि फलों पर पन्नी बांधने की शुरुआत सबसे पहले सहारनपुर जिले से हुई थी। अब यह तरीका धीरे-धीरे दूसरे जिलों में भी अपनाया जा रहा है। अमरूद के लिए अलग प्रकार की पन्नी मंगाई जाती है।

### राजस्थान से मंगाई जा रही पन्नी

जानकारी के अनुसार यह विशेष पन्नी राजस्थान के भीलवाड़ा से मंगाई जा रही है। जैन फार्म में इस समय बड़ी संख्या में मजदूर इस काम में जुटे हुए हैं।

### 150 मजदूर कर रहे काम

सहारनपुर जिले के बेहट कस्बे के गांव सुल्तानपुर माली निवासी दिलदार ने बताया कि उनके गांव से अयान, जुनैद, शहादत, अर्जुन, दीक्षित, अजीम समेत करीब 150 लोग बिजनौर आए हुए हैं, जो आम के फलों पर पन्नी बांधने का काम कर रहे हैं।

### दाम मिलने की उम्मीद

कारोबारियों का मानना है कि पन्नी से सुरक्षित आम ज्यादा समय तक खराब नहीं होता और बाजार में देर तक टिकता है। यही वजह है कि मंडियों में ऐसे आम के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद रहती है।

# फटे हुये जाल से निकल भागी मादा गुलदार

**बरुकी /बिजनौर (चिंगारी)।** कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम शादीपुर के जंगल में एक कुएं की कोठरी में बैठी मादा गुलदार और उसके शावक को पकड़ने पहुंची वन विभाग की टीम को उस समय निराशा हाथ लगी, जब मादा गुलदार फटे हुए जाल से निकलकर जंगल की ओर भाग गई। घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी दिखाई दी।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम शादीपुर निवासी शमशाद के खेत में सिंचाई के लिए एक ट्यूबवैल बना हुआ है। ट्यूबवैल की कोठरी की एक दीवार टूटी हुई है, जहां किसी समय मादा गुलदार अपने शावक के साथ पहुंच गई। जब शमशाद ट्यूबवैल चलाने के लिए खेत पर पहुंचा तो उसने कोठरी में मादा गुलदार और उसके शावक को बैठे देखा। यह देखकर वह घबरा गया और तत्काल गांव के लोगों को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर



पहुंची और गुलदार को पकड़ने के लिए कोठरी के चारों ओर जाल लगाया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि लगाया गया जाल फटा हुआ था, जिसके कारण मादा गुलदार वहां से निकलकर भाग गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई। वन विभाग की टीम ने शावक को सुरक्षित पकड़ लिया और उसे जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया। वहीं मादा गुलदार के भागने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जल्द उचित कार्रवाई की मांग की है।

### पल्ला झाड़ते नज़र आये वन अधिकारी

इस संबंध में जब वन विभाग के अधिकारियों से बात की तब बिजनौर रेंज के अधिकारियों ने कहा कि उक्त क्षेत्र नजीबाबाद रेंज में है। और नजीबाबाद रेंज के अधिकारियों ने कहा कि वह क्षेत्र सामाजिक वानिकी विभाग के अंतर्गत आता है। इस प्रकार से दोनों ही रेंज के अधिकारी अपना पल्ला झाड़ते नजर आए।






## नाम परिवर्तन सूचना

**मैंने अपना नाम प्रियंका शर्मा से बदलकर प्रियंका गौतम (PRIYANKA GAUTAM) कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।**

**प्रियंका गौतम पत्नी शशांक भूषण गौतम (PRIYANKA GAUTAM W/O SHASHANK BHUSHAN GAUTAM) मौ. पंचायती मंदिर नहटौर (बिजनौर)**




# स्वतंत्रता सेनानी बाबू रतनलाल जैन: जिन्हें बिजनौर का गांधी कहा जाता था

**आज पुण्यतिथि पर विशेष**

भारत को अंग्रेजों के पंजे से मुक्त कराने के लिये जब पूरे देश में आज़ादी की ज्वाला भड़क रही थी, तब प्रत्येक गांव, कस्बे, नगर के प्रत्येक घर से आंदोलनकारी सड़कों पर उतर रहे थे। उस समय बिजनौर जिला भी पीछे नहीं रहा। इस जनपद में आजादी की ज्वाला भड़काने में अग्रणी रहे बाबू रतनलाल जैन, जिन्हें उस समय 'बिजनौर का गांधी' कहा जाता था। आज उनकी 50वीं पुण्यतिथि पर प्रस्तुत है उनके सम्बंध में पूर्ण जानकारी।

जनपद के कस्बा अफजलगढ़ में 20 अगस्त 1892 में जन्मे बाबू रतनलाल जी बचपन में ही बिजनौर निवासी अपने फूफा प्रसिद्ध जागीरदार हीरालाल जैन के पास आ गये थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी व एलएलबी करने के बाद उन्होंने नगीना व मुरादाबाद में वकालत की। उसके उपरांत सन 1922 में वह गांधी जी के चलाये असहयोग आंदोलन से प्रभावित होकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। इसी दौरान उन्हें जिला कांग्रेस के प्रधानमंत्री का कार्यभार सौंपा गया। सन 1930 में बिजनौर में उन्हीं के नेतृत्व में 'नमक सत्याग्रह' चलाया गया, जिसके अंतर्गत स्थानीय सिविल लाइंस स्थित पुलिस कोतवाली के ठीक सामने बाबू जी के ही आम के बगीचे में हजारों की संख्या में लोग जुलूस की शक्ल में पहुंचे। इस जुलूस में प्रथम बार महिलाएं भी शामिल हुई। गंतव्य पर पहुंचकर नमक बनाया गया। इसी दौरान प्रथम बार पुलिस ने बाबूजी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद लोगों ने नारे लगाते हुए जुलूस के रूप में बाबूजी को जेल तक पहुंचाया। जेल से छूटने के बाद 19 जनवरी 1932 को शंभा बाजार में पिलखन के नीचे सभा करने व भाषण देने पर उन्हें फिर गिरफ्तार किया गया, वहां से छूटने के बाद उन्हें फिर गिरफ्तार करके सन् 1941 में आगरा व 1942 में बिजनौर जेल में रखा गया। जेल में रहने के दौरान ही उन्हें अपने पुत्र सुरेंद्र (14 वर्ष) की मृत्यु का समाचार मिला, लेकिन इसके बावजूद वह अपने कर्तव्य पथ से विचलित नहीं हुये। वह तीन बार जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये और उन्हें सन् 1937 में देहरादून तथा बिजनौर जिले से विधान परिषद का सदस्य चुना गया। देश आजाद होने के बाद 1952 में वह उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य चुने गये। राष्ट्रसेवा व स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता के लिये भारत सरकार द्वारा 15 अगस्त 1962 को उन्हें ताम्रपत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। पुत्र सुरेंद्र की मृत्यु हो जाने के कारण उन्होंने अपने धेवते प्रदीप कुमार जैन को अपना दत्तक पुत्र स्वीकार कर अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। बिजनौर के गांधी के नाम से विख्यात बाबू रतनलाल जैन 24 मई 1976 को अपना पार्थिव शरीर त्यागकर इस संसार से विदा हो गये।

-हुक्का बिजनौरी

## आज 50वीं पुण्यतिथि पर उन्हें शत शत नमन



बाबू श्री रतनलाल जैन
20.8.1892-24.05.1976

बिजनौर जिले के लौह पुरुष, जैन समाज के स्तम्भ, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, बिजनौर के गांधी **बाबू श्री रतनलाल जैन** को उनकी पुण्यतिथि पर हम अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उनके आदर्श हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।



प्रदीप कुमार जैन
(पुत्र)



स्नेहलता जैन
(पुत्रवधू)

डॉ. श्रीमती उषा जैन (पुत्री),
शोभित जैन-छवि जैन (पौत्र-पौत्रवधू),
टीशा, मीशा, वेदिका (प्रपौत्रियां)

रतनविला, निकट जैन मंदिर, बिजनौर 246701 मो. 9837200710

## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर 30 मई को होगा भव्य समारोह

**विचार गोष्ठी में जुटेंगे पत्रकार, साहित्यकार और बुद्धिजीवी**

**बिजनौर (चिंगारी)।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन बिजनौर द्वारा 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह धूमधाम और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय बिजनौर में एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और बदलते मीडिया परिदृश्य पर चर्चा की जाएगी। यूनियन के जिला महामंत्री अनिल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों के साथ साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बुद्धिजीवी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने समाज को जागरूक करने, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दो शताब्दियों की इस गौरवपूर्ण यात्रा को यादगार बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। समारोह में पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं द्वारा अपने विचार रखे जाएंगे तथा हिंदी पत्रकारिता के योगदान को रेखांकित किया जाएगा। आयोजन को लेकर पत्रकारों एवं सामाजिक संगठनों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।



## भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**नगीना (चिंगारी)।** कृष्ण गोपाल महाविद्यालय के प्रबंधक साहू संतोष कुमार अग्रवाल ने स्टाल लगाकर लोगों को मीठा व ठंडा शरबत पिलाया। भीषण गर्मी से बेहाल हो रहे राहगीरों व आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से साहू संतोष कुमार अग्रवाल ने स्टेशन रोड पर स्थित अपने ज्वैलरी पैलेस प्रतिष्ठान के बाहर एक शिविर लगाकर लोगों को ठंडा शरबत पिलाया। स्कूल से लौट रहे विद्यार्थियों व राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर उनके इस नेक कार्य की प्रशंसा की। इस मौके पर इस कार्य में उनके साथ साहू सुयश अग्रवाल, साहू अनुभव अग्रवाल,पंडित सचिन शर्मा, कमल रानी अग्रवाल, बीनू अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सुष्मिता अग्रवाल, प्रदीप जैन, अविरल मित्तल, मोहम्मद तालिब, गौरव गोयल, सादाब, जॉनी आदि ने भी खूब सहयोग किया।

## बजाज शुगर मिल में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**हल्दौर (चिंगारी)।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की बिलाई मिल के प्रांगण में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ यूनिट हेड विजयवीर सिंह ने फीता काटकर किया। शनिवार को लगे कैम्प में मुरादाबाद के प्रसिद्ध हॉस्पिटल सीएल गुप्ता आई इंस्टिट्यूट के प्रसिद्ध डॉ. कीर्ति गिढ़वाल द्वारा मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों और कॉलोनीवासियों का फ्री में नेत्र परीक्षण किया गया। इस कैम्प में लगभग 121 आधिकारियों एवं कर्मचारियों और उनकी फ़ैमिली ने लाभ उठाया। कैंप के अंत में कारखाना प्रबंधक संजय गोयल ने सीएल गुप्ता हॉस्पिटल से आयी टीम का आभार जताया और साथ में कैम्प के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए फैक्ट्री के डॉक्टर अरविंद कुमार, रजत चतुर्वेदी, अशोक राणा, आशुतोष पांडे ने सभी का आभार प्रकट किया।



# नर्सिंग होम की लापरवाही से मासूम की जान गई

## ऑक्सीजन सिलेंडर गिरने से हुआ हादसा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में कल एक ऐसा हादसा हुआ, जिससे एक परिवार में मातम छा गया और नर्सिंग होम की व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गया। हुआ यूं कि नगर के मोहल्ला पठानपुरा निवासी फैजान की पत्नी गुलिस्ता परवीन अपने दो छोटे बच्चों को लेकर उक्त नर्सिंग होम में पहुंची थी, जहां उसे अपने छोटे बेटे को दिखाना था। गुलिस्ता डॉक्टर के आने का इंतजार कर रही थी और उसका बड़ा बेटा 3 वर्षीय अजान अस्पताल परिसर में खेल रहा था। इस बीच वह खेलते-खेलते उस स्थान पर पहुंचा गया, जहां ऑक्सीजन के सिलेंडर उतारे जा रहे थे और अचानक अजान एक सिलेंडर की चपेट में आ गया, जिससे उसके गंभीर चोट लगी। लहूलुहान अजान को उपचार के लिये हायर सेंटर ले जाया जा रहा था कि उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना से मां गुलिस्ता परवीन की हालत बिगड़ गई। वह रो-रो कर बेहाल हो गई। पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। पठानपुरा निवासी फैजान आम के बाग की रखवाली करता है। घटना के समय वह बाग में था। पत्नी गुलिस्ता परवीन छोटे पुत्र डेढ़ वर्षीय मोहम्मद अबान को दिखाने नर्सिंग होम गई थी। उसे क्या पता था कि छोटे बेटे को दवाई दिलाने जायेगी और बड़े बेटे की जान से हाथ धो बैठेगी।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई

नर्सिंग होम में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी। अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन सिलेंडर असुरक्षित तरीके से रखे गए थे, जबकि बिजली के तार और विद्युत बॉक्स भी खुले व नीचे लटके हुए हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। परिजनों ने इस मामले में पुलिस को तहरीर भी दी है जिसमें अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा जा रहा है कि नर्सिंग होम में सुरक्षा के उचित इंतजाम होते तो मासूम की जान नहीं जाती। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चुनाव की तैयारी में जुट जाएः हनी फैसल



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल व महासचिव धनंजय यादव का सपा के वरिष्ठ नेता मौ. फुरकान खान के आवास वाहिदनगर कालोनी पहुंचने पर फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर 2027 के चुनाव की तैयारी में जुट जाए। जिले की आठों सीट पर सपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जीत दिलाएं। इस बार उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। अखिलेश यादव एक बार फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनकर सभी वर्गों का उत्थान करने का कार्य करेंगे। वरिष्ठ नेता फुरकान खान की अध्यक्षता एवं महासचिव धनंजय यादव के संचालन में कार्यक्रम में नफीस अहमद, आफताब, अफसर, अकरम, आसिफ, आदिल, हिलाल बिट्टू, खिजर अहमद, सलीम, इकराम अंसारी आदि शामिल रहे।

## सपा नेता ने राहगीरों को ठंडा शर्बत का वितरण किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रफीक अंसारी ठेकेदार की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए नगर में कैम्प का आयोजन कर राहगीरों को ठंडे शर्बत का वितरण किया गया। रफीक ठेकेदार ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए उन्हें अपने हाथों से ठंडा मीठा शर्बत पिलाया। इस मौके पर सरदार त्रिलोचन सिंह सोबती, आसिफ अली मुत्तकी, हाजी युनूस अंसारी, नईम अंसारी, मौ. अरशद, अतीक अंसारी, आतिफ अंसारी, मौ. रय्यान अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे।**

## हरिद्वार बाईपास रोड को शीघ्र बनवाने को ज्ञापन दिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर आजाद चौक से हरिद्वार बाईपास रोड को शीघ्र बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त रोड पूरी तरह से टूट चुकी है। जिससे उधर से गुजरने वाले हजारों की संख्या में लोगों व स्थानीय निवासियों को धूल का सामना करना पड़ रहा है। टूटी सड़क पर वाहन चलने से चारों ओर उड़ती धूल के कारण क्षेत्र के लोग सांस रोगी बन रहे है। पूर्व में भी अनेक बार इस बदहाल सड़क के निर्माण के लिए ज्ञापन दिये जा चुके है। यहां तक की वर्तमान में डीएम बिजनौर इस सड़क निर्माण के लिए प्रबल संस्तुति कर चुकी है। इसके बावजूद आज तक यह सड़क नहीं बन पाई है। उन्होंने इस सड़क को अतिशीघ्र बनवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मुरादाबाद मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खां, जिलाध्यक्ष जाहिद हुसैन, नफीस अहमद, आफताब अहमद, मौ. उस्मान, अकरम, अतीक, मौ. इकराम, सरफराज, तौसीफ, जाबिर आदि मौजूद रहे।

## कल्हेड़ी में बिजली समस्या दूर करने को एसडीओ को ज्ञापन दिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। विशाल भारतीय किसान यूनियन के युवा मण्डल अध्यक्ष मुरादाबाद के नेतृत्व में विद्युत विभाग की उपखण्ड अधिकारी प्रथम नजीबाबाद सुमित कुमार को ग्राम पंचायत कल्हेड़ी में ओवरलोड की समस्या दूर करने व तार बदलने के संबंध में ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। एसडीओ ने यथाशीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में मुस्लिम अहमद राष्ट्रीय संगठन महासचिव, नजाकत अली एडवोकेट, रोहिताा सैनी, वसीम अहमद, मोहम्मद तारिक, मोहम्मद जाहिद, रवि प्रकाश, नीतीश कुमार आदि संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में जुट जाएः विनय राणा

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा भागूवाला मंडल की मोटा महादेव मंदिर पर आयोजित बैठक में भाजपा के निवर्तमान जिला महामंत्री विनय राणा ने कहा कि भागूवाला मंडल के समस्त कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर पूरे मनोयोग से सक्रिय होकर भाजपा को विधानसभा चुनाव 2027 में ऐतिहासिक विजयश्री दिलाने का काम करें। पुन: योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरे मनोयोग से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर 60: मत प्राप्त करना है। इसके लिए हमें बूथ की कमेटी बूथ के पदाधिकारी एवं पन्ना प्रमुखों को मजबूती से खड़ा करना है। मंडल अध्यक्ष कमल सैनी की अध्यक्षता एवं महामंत्री सचिन देशवाल व कपिल राजपूत के संचालन में बैठक को जिला कार्यकारी सदस्य राजकुमार प्रजापति, सरदार कुलवंत सिंह एड., चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, गायत्री निराला आदि मौजूद रहे।



## राम अवतार सिंह को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश राम औतार सिंह के आवास पर एक बधाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सभी ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धामपुर श्रीमती लीना सिंघल, ब्लॉक प्रमुख तपराज चौधरी, गायत्री निराला, कोमल सिंह, वीपी सिंह, कपिल चौधरी, राजन टंडन गोल्डी, ईसम सिंह, अरविन्द शर्मा, रणवीर सिंह निराला, शिव कुमार जोशी, बिंदु सर्राफ, बलवंत सिंह पवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष के अध्यक्ष बनने पर उन्हें नए पद के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके अनुभव एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की।

## पिछड़ा आयोग का अध्यक्ष बनने पर रामावतार सिंह का स्वागत



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद जोन गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी पूर्व न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह को उत्तर प्रदेश पिछड़ा आयोग का अध्यक्ष बनने पर गायत्री शक्तिपीठ स्थानीय जोन समन्वयक एवं व्यवस्थापक डा० दीपक कुमार, अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेन्द्र सिंह अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रदान की गई। हाईकोर्ट इलाहाबाद के सेवानिवृत न्यायमूर्ति रामअवतार सिंह ने मां गायत्री एवं पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, माता भगवती देवी शर्मा का आशीर्वाद माना। डॉ. प्रणव पंड्या, शैल दीदी, डॉ. चिन्मय पंड्या, ड. ओपी शर्मा को अपना आदर्श मानते हैं।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने डाक विभाग सिक्योरिटी में नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 2 लाख 98 हजार रूपए लेकर धोखाधड़ी करते हुए कूट रचित नियुक्ति पत्र देने के आरोपी को गिरफतार किया।

ग्राम मुराहट, थाना शिवाला कलां निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र बलराम सिंह ने 8दिसम्बर 2025 को थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि अजय पुत्र मुन्ने, हेमराज पुत्र मुन्ने, प्रीतम सिंह पुत्र मुन्ने निवासी ग्राम सेंदवार, थाना चांदपुर ने डाक विभाग सिक्योरिटी में नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 2लाख 98हजार रूपए लेकर धोखाधड़ी करते हुए कूट रचित नियुक्ति-पत्र तैयार कर उसको दे दिया। उसके द्वारा फर्जी नियुक्ति-पत्र की शिकायत करने तथा अपने पैसे वापस मांगने पर अभियुक्तों व उनके परिजनों द्वारा उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त अजय पुत्र मुन्ने सिंह निवासी ग्राम सैंदवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, कां. राजकुमार व सोरव पंवार शामिल थे।


ग्राहकों को चश्मे दिखाते मोहित।

# अब ऐसी भीषण गर्मी पड़ी धूप के चश्मों की बिक्री बढ़ी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी के कारण घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। भीषण गर्मी से अपनी आंखों को बचाने के लिए लोग धूप के चश्मे खरीद रहे हैं। नगर के मेन बाजार में चश्मे की दुकान करने वाले चश्मे विक्रेता मोहित ऑप्टिकल का कहना है कि धूप से बचाव के लिए कांच के लैंस ओर फोटोक्रोमिक लैंस का प्रयोग करे, ताकि आपकी आंखों की धूप से सुरक्षा हो सके।



# समर कैम्प में बच्चों ने की खूब मस्ती

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आइडियल पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने जमकर मस्ती की। समर कैंप में बच्चों को कई तरह के इनडोर व आउट डोर गेम्स सिखाये गये, खो-खो, म्यूजिकल चेयर ओर ड्राइंग कॉम्पटीशन बहुत पसंद किया गया। बच्चों ने भीषण गर्मी से बचने के लिए स्वीमिंग पुल में नहाकर खूब मौज-मस्ती की। इस अवसर पर विभिन्न एक्टिविटी में जीतने वाले बच्चों को सार्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती शादाब नय्यर, सय्यारा तहसीन, परवीन अख्तर, शगुफ्ता जैदी, लुबना, सीमा हाशमी, इफ्फत, आयशा सैफी, बुशरा, जैनब, शहरीन, साहिबा, सना आदि शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# दमयंती सेवा संस्थान ने आयोजित किया 214वां चिकित्सा शिविर

**धामपुर ( चिंगारी )।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 214 वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर लाल उर्फ उदूपुरा में आयोजित किया गया। शिविर में 79 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गई। शनिवार की शाम को शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान दीपा चौहान, करण सिंह, अमित कुमार, विमल कुमार पंचायत मित्र व अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में डॉक्टर मोनिका अग्रवाल एवं डॉ. अंशिका भारद्वाज ने 79 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरण की गई। कैंप में सभी जांचें नाम मात्र रुपए में कराई गई हैं। शिविर में 'पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किए गए। शिविर को सफल बनाने में गौरव सिंह, साहिल, अखिलेश, पंकज, गौरव, हिमांशु, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# ईदगाह पर साढ़े सात बजे अदा होगी ईद की नमाज

**धामपुर ( चिंगारी )।** शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद कमर कासमी ने बताया कि ईद उल अजहा का मुबारक त्यौहार 28 मई को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 मई को प्रात: साढ़े सात बजे नगीना मार्ग स्थित ईदगाह पर ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी जबकि फल चौक स्थित जामा मस्जिद में प्रात: 7.45 पर नमाज अदा होगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पूर्णतया पालन करते हुए ईद की नमाज ईदगाह के अंदर ही अदा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेष नगर पालिका द्वारा निर्धारित किए गए स्थान पर ही डाले जाएं जिससे जनता को परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि जब लोग एक दूसरे के घर कुर्बानी का मीट देने के लिए जाएं तो उसे कपड़े से ढक कर ही ले जाएं जिससे किसी की भावनाएं आहत न हो। उन्होंने बताया कि हमें अपने जीवन की बुराइयों को छोड़कर शरीयत के अनुसार जीवन की गुजर बसर करनी चाहिए तभी ईद उल अजहा का त्यौहार मनाना सार्थक होगा।

# जनसुनवाई में महिलाओं ने उठाया बिजली संकट का मुद्दा

## डीएम व महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्याएं


जनसुनवाई में महिलाओं की समस्याएं सुनती डीएम व महिला आयोग की सदस्य।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्थानीय तहसील परिसर स्थित कवि दुष्यंत कुमार त्यागी सभागार में शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की ओर से महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएम जसजीत कौर व राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने महिलाओं की समस्याओं को संयुक्त रूप से गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौहल्ला मकबरा की सभासद इंदू राजपूत दर्जनों महिलाओं के साथ पहुंचीं। उन्होंने भीषण गर्मी के बीच पिछले दो-तीन दिनों से क्षेत्र में बाधित बिजली आपूर्ति का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। महिलाओं ने कहा कि लगातार बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा गर्मी में छोटे बच्चों तथा बुजुर्गों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस पर डीएम जसजीत कौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द समस्या के समाधान के निर्देश देते हुए महिलाओं को शीघ्र बिजली व्यवस्था सुचारु कराने का आश्वासन दिया। राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न से जुड़े मामलों में सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर तहसीलदार संतोष कुमार यादव, सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार ममता सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# ऊपर से पड़ रही गर्मी की मार नीचे पानी के लिए हाहाकार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी के कारण कोटद्वार नगर निगम के गिवई सोत और लोअर कालाबड़ क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। हालांकि जल संस्थान की ओर से क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन गर्मी के चलते वह भी नाकाफी साबित हो रही है। स्थानीय निवासी राजन बिष्ट, मनवर सिंह, विजय कुमार व सोनू सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लिए पेयजल सप्लाई करने वाला गिवईसोत डग के समीप स्थापित नलकूप पिछले दो दिनों से खराब पड़ा हुआ है, जिसके चलते क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। स्थिति यह है कि लोग चिलचिलाती धूप में खाली बर्तन लेकर पानी की तलाश में इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों और अकेले रहने वाले लोगों को हो रही है। बताया कि नलकूप में लगी पुरानी मोटर के कारण यह समस्या बार-बार उत्पन्न हो रही है, जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी न तो मोटर बदली गई और न ही कोई स्थायी व्यवस्था की गई है। हालांकि जल संस्थान की ओर से क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पानी आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। स्थानीय निवासियों ने जल्द से जल्द नलकूप की मरम्मत एवं समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि आने वाले दिनों में बढ़ती गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

# मध्यम व लघु उद्योग मंत्री से मिला आईआईए का प्रतिनिधिमंडल

## लघु उद्योग के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस मुरादाबाद में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र सिंह से मिला तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के समक्ष वर्तमान में उत्पन्न हो रही समस्याओं को मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा गया। विशेष रूप से नये श्रम कानूनों, उद्योग संचालन में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों एवं एमएसएमई इकाइयों को सरल एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा हुई।

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार एमएसएमई



क्षेत्र के विकास एवं उद्योगों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है तथा प्रस्तुत विषयों पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में आईआईए डिवीजनल चेयरमैन विकास अग्रवाज, बिजनौर चैप्टर चेयरमैन अवनीश अग्रवाल, डिवीजनल सेक्रेटरी गोपाल मेहता, मुरादाबाद चैप्टर चेयरमैन रवि कटारिया, संभल चैप्टर चेयरमैन सुबोध गुप्ता, संजय सांख्यधर सहित कानपुर एवं समूचे मुरादाबाद मंडल के अनेक उद्योगपतियों एवं उद्यमियों ने सहभागिता की।

# बालिकाओं की जिला बास्केटबॉल चैम्पियनशिप 31 मई को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि 16 वर्ष तक की बालिकाओं की बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 31 मई को किया जाएगा। संदीप शर्मा ने यह भी बताया कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए यह प्रतियोगिता शाम को 03 बजे से कराई जाएगी। प्रतियोगिता सेंट मेरिस स्कूल, नगीना-धामपुर रोड, नगीना में कराई जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जनपद के सभी स्कूलों को विस्तृत जानकारी का सर्कुलर स्कूल प्रबंधकों, प्राचार्यों एवं खेल प्रशिक्षकों को भेज दिया गया है, यह प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में वे ही बालिकाएं खिलाड़ी भाग ले सकेंगी जिनका जन्म 01 जनवरी 2010 को या उसके बाद हुआ होगा। एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि इसी चैंपियनशिप के आधार पर ही जून/जुलाई पीलीभीत में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश



राज्य यूथ 16 वर्ष तक की बालिकाओं की चैंपियनशिप में बिजनौर डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम का चयन किया जाएगा। टीमें अपनी प्रविष्टि कल 25 मई की शाम 5 बजे तक सचिव योगेश्वर त्यागी को फोन नं. 9992026804 पर अपनी एंट्री करा दें।

# नमाज पढ़ने गये व्यापारी के बैग से कुत्ते ने एक लाख रुपये उड़ाये

## सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर में चोरी की एक बेहद अनोखी और हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है जिसने हर किसी को चौंका दिया। यहां एक काले रंग का कुत्ता नमाज़ पढ़ने गए व्यापारी की बाइक से रुपयों से भरा बैग उठाकर फरार हो गया। घटना का वीडियो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया, जिसके बाद इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बन गया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यापारी नवाब अहमद पशु चिकित्सालय के निकट तारा मस्जिद के पास पशुओं की दवाई का मेडिकल स्टोर चलाते हैं। बताया गया कि नवाब अहमद शनिवार को बैंक से एक लाख रुपये निकालकर पुरानी तहसील स्थित तकिये वाली मस्जिद में नमाज़ अदा करने पहुंचे थे।

जल्दबाजी में वह बाइक पर रखा रुपयों से भरा बैग निकालना भूल गए और नमाज़ पढ़ने मस्जिद के अंदर चले गए। जब नमाज़ के बाद वापस लौटकर उन्होंने बाइक पर नजर डाली तो बैग गायब था। बैग न देखकर उनके होश उड़ गए और उन्होंने आसपास तलाश शुरू कर दी। इसके बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में एक काले रंग का कुत्ता बाइक के पास आता दिखायी दिया और कुछ ही क्षणों बाद वह मुंह में बैग दबाकर वहां से भागता नजर आया। यह दृश्य देखकर लोग भी हैरान रह गए। घटना की चर्चा पूरे इलाके में तेजी से फैल गई। लोग इसे बिजनौर की सबसे अनोखी चोरी बता रहे हैं। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बैग और उसमें रखी नकदी बरामद हुई या नहीं।

स्थानीय लोग आसपास के क्षेत्रों में बैग की तलाश में जुटे रहे। इस अनोखी घटना ने जहां लोगों को हैरान किया, वहीं सोशल मीडिया पर भी कुत्ते की चर्चा खूब हो रही है।

# विद्युत समस्याओं को लेकर 26 को होगा प्रदर्शन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बिजली की समस्या को लेकर ज्ञापन देकर 26 मई को पैजनिया बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की। शनिवार को राकिमसं के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा वहां मौजूद अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि भीषण गर्मी के बावजूद लोग बिजली से परेशान हैं, जिससे लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। सिसोना व पैजनिया बिजलीघर के अधिकारी रात्रि में मोबाइल बंद कर सो जाते हैं, जिसके कारण किसान रात भर बिजलीघरों के चक्कर काटते रहते हैं। बिजली की समस्या को लेकर संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने अधिक्षण अभियंता से भी मुलाकात की, लेकिन कोई ठोस आश्वासन न मिलने पर 26 मई को पैजनिया बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।



# प्रेस क्लब स्योहारा ने यात्रियों को पिलाया 'ठंडा'



रेलगाड़ी में पानी पिलाते डाक्टर मनोज वर्मा व प्रेस क्लब के अन्य पदाधिकारी।

**स्योहारा (चिंगारी)।** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच रविवार को रेलवे स्टेशन पर सेवा और संवेदनशीलता की अनोखी तस्वीर देखने को मिली। प्रेस क्लब स्योहारा के बैनर तले रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों को नि:शुल्क शीतल पेय वितरित किए गए। गर्मी से परेशान यात्रियों को जब ठंडी बोतलें मिलीं तो उनके चेहरों पर राहत साफ दिखाई दी।

सुबह के समय स्टेशन पर पहुंची प्रेस क्लब टीम ने प्लेटफार्म पर रुकने वाली ट्रेनों के यात्रियों को ठंडे पेय वितरित किए। इस दौरान कई बुजुर्ग यात्रियों ने आयोजकों को दुआएं दीं। बच्चों और महिलाओं को भी विशेष रूप से पेय वितरित किए गए। वातावरण में सेवा और सहयोग की भावना साफ दिखाई दे रही थी।

प्रसिद्ध चिकित्सक एवं प्रेस क्लब संरक्षक डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि इंसानियत का असली मतलब जरूरत के समय किसी के काम आना है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत देना एक पुण्य कार्य है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष शारिक ज़ैदी ने कहा कि प्रेस क्लब सामाजिक सरोकारों को हमेशा प्राथमिकता देता आया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के साथ-साथ समाज सेवा भी उनकी जिम्मेदारी है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। कार्यक्रम में प्रेस क्लब संरक्षक कांता प्रसाद पुष्पक, डॉ. शाश्वत वर्मा, नजम सिद्दीकी, मोहम्मद आलम, इमरान मंसूरी, नसीम अहमद, प्रशांत रस्तोगी, फहीम खान, सलीम कुरैशी, माज़, ताहिर, मनीष, सोनू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रघुकुल ग्लोबल एकेडमी में हुई कैरम बोर्ड प्रतियोगिता

**खासपुरा (चिंगारी)।** रघुकुल ग्लोबल एकेडमी में शनिवार को कैरम बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में सभी कुलों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा खेल भावना, एकाग्रता और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। भूकुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में रितिक कुमार एवं मोहम्मद हमजा शामिल रहे। सिंहकुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें अंशिका पाल एवं अक्षित कुमार प्रतिभागी रहे। कवचकुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि रविकुल ने भी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया।



विद्यालय की प्रधानाचार्या शिवानी त्यागी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना का विकास करती हैं। प्रशासनिक प्रमुख आशा त्यागी तथा खेल प्रभारी अभिनव त्यागी ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# अभाविप कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंका



**धामपुर (चिंगारी)।** परीक्षा केंद्र पर कथित अनियमितताओं, छात्र के साथ अभद्र व्यवहार और नकल माफिया के सक्रिय होने के आरोपों को लेकर शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। कार्यकर्ताओं ने नगीना चौक पर जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि धामपुर डिग्री कॉलेज के एक छात्र का परीक्षा केंद्र बाबू ईश्वरी प्रसाद रावल डिग्री कॉलेज, शहजादपुर शेरकोट में पड़ा था। संगठन का कहना है कि परीक्षा देने पहुंचे छात्र से कथित रूप से नकल कराने के नाम पर धनराशि की मांग की गई। आरोप है कि विरोध करने पर छात्र के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की गई। छात्र संगठन ने परीक्षा केंद्र पर अव्यवस्थाओं और कथित नकल गतिविधियों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कथित दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

# तहसील व ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किये



**चांदपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित की पंचायत में संगठन को मजबूत बनाने के लिए ब्लाक जलीलपुर, नूरपुर व चांदपुर तहसील अध्यक्ष बनाये गये। यहां धनौरा रोड स्थित एक शोरूम पर आयोजित पंचायत में बलराज सिंह चौहान निवासी ग्राम ककराला को संगठन का चांदपुर तहसील अध्यक्ष, अमित कुमार निवासी ग्राम धमरोली को नूरपुर ब्लाक अध्यक्ष व हरस्वरूप सिंह यादव निवासी ग्राम मंडोरा को जलीलपुर ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। पंचायत में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाने का निर्णय लिया गया। पंचायत में संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार कैलाश त्यागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ. शब्बन, तहसील अध्यक्ष धनौरा कलुवा खां, तहसील अध्यक्ष नौगांवा सादात वसीम खान, जिला प्रवक्ता पवन कुमार, कपिल कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिलोक चौधरी, आसिफ़ अली, वकील अहमद, शाहबुद्दीन, महेन्द्र सिंह, बलराज सिंह, हरस्वरूप सिंह, अमित कुमार, फरमान अहमद आदि मौजूद रहे।

# स्वस्थ है नंदराम गलत निकला इलजाम

**स्योहारा (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव सुरानंगला निवासी एक व्यक्ति ने डायल 112 को सूचना दी कि उसके भाई को शराब में जहर दे दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस दौड़ी और उपचार के लिए अस्तपाल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने हायर सेंटर रैफर कर दिया।

शनिवार की रात करीब 10 बजे डायल 112 को सूचना दी कि गांव सुरानंगला निवासी नंदराम सैनी पुत्र मामचंद सैनी को किसी ने शराब में जहर दे दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया, जहां पर जहरीला पदार्थ के सिम्टम नहीं मिले। मिली जानकारी के अनुसार मामला झूठा पाया गया। नंदराम स्वस्थ और अपने घर पर है, पुलिस ने मामले की जांच करने की बात कही है।

# आसपा 4 जून से निकालेगी सत्ता परिवर्तन यात्रा



साहिल मेहरा

**किरतपुर (चिंगारी)।** आजाद समाज पार्टी काशीराम 4 जून से राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पूरे उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन यात्रा निकलने जा रही है। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव साहिल मेहरा ने सत्ता परिवर्तन यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा का लक्ष्य आमजन को पार्टी से जोड़ना है। यात्रा उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक यात्रा होगी, जिसमें बहुत बड़ी संख्या में आमजन भाग लेंगे और आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन का आव्हान उत्तर प्रदेश की जनता से करेंगे।

# दो दिन 4 घंटे बंद रहेगी विद्युत सप्लाई

**किरतपुर (चिंगारी)।** नगर के विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए बताया गया कि टाउन-1 फीडर पर अत्यधिक लोड (ओवरलोड) होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा नया टाउन-4 फीडर तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। विभाग के अनुसार यह कार्य 24 मई से 25 मई तक प्रगति पर रहेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि कार्य पूर्ण होने के बाद विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा तथा ओवरलोड की समस्या से राहत मिलेगी। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। रविप्रकाश उपखंड अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

# कुर्बानी का वीडियो बनाकर अपलोड किया तो खै़र नहीं!

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ईद-उल-अज़हा के उपलक्ष्य में स्थानीय थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में कुर्बानी का वीडियो न बनाने, मांस को अच्छी तरह ढककर ले जाने तथा अवशेषों को गड्ढे में ठीक ढंग से दबाने के निर्देश दिये गये। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कुर्बानी का वीडियो नहीं बनायेगा। यदि किसी ने वीडियो बनाया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। ईद की नमाज़ भी केवल निर्धारित स्थानों पर तथा धार्मिक स्थलों के अंदर ही अदा की जायेगी। इसके अलावा थानाध्यक्ष ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से रात्रि गश्त करने की अपील की। उपनिरीक्षक अफजाल खां व हरस्वरूप शर्मा, जिला पंचायत सदस्य मौ. यूनुस, शहजाद आलम एड., अब्दुल हक, मौ. सत्तार, इरफान अहमद, गुलफाम इलाही, खालिक हुसैन, वीरेन्द्र शर्मा, हाफिज मौ. उमर, मौ. शहाबुद्दीन सहित काफी व्यक्ति मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर।

# नहटौर क्षेत्र में सड़कों के निर्माण की मांग हुई पूरी
# विधायक ओम कुमार के प्रयासों से मिली मंजूरी



**नहटौर ( चिंगारी )।** भाजपा विधायक ओम कुमार की मांग और मुख्यमंत्री के निर्देश पर नहटौर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण कार्यों के लिए करीब पांच करोड़ रूपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इस धनराशि से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर से अनेक गांवों में 13 संपर्क मार्गों का निर्माण कराया जायेगा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इन सड़कों के बनने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और लोगों को मुख्य मार्गों तक पहुंचने में राहत मिलेगी।

बता दें कि क्षेत्र के कई गांव लंबे समय से जर्जर और कच्चे संपर्क मार्गों की समस्या से जूझ रहे हैं। खासकर बरसात के दिनों में ग्रामीणों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। अब स्वीकृत परियोजनाओं के तहत दलित बस्तियों, स्कूल मार्गों और गांवों को जोड़ने वाले संपर्क रास्तों का निर्माण कराया जायेगा। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

***विधायक ओमकुमार ने कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र के विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इन परियोजनाओं से गांवों में विकास को नई गति मिलेगी। ओम कुमार का कहना है कि नहटौर की जनता पर महाराज जी की विशेष कृपा है।***

## इन सड़कों का होगा निर्माण

- गांव बिसाठ में ब्रह्मपाल के घर से चुन्नू के घर तक सड़क निर्माण-31.33 लाख रूपये।
- गांव मिलक गंगोड़ा में बिसांबर के घर से सुनील के घर तक सड़क निर्माण-37.08 लाख रूपये।
- गांव गंगोड़ा शेख में दलित बस्ती से पंचायत घर तक सड़क निर्माण- 44.07 लाख रूपये।
- गांव रूकनपुर में मेन तिराहे से ध्यान सिंह की ओर सड़क निर्माण- 27.69 लाख रूपये।
- गांव समसाबाद से जोगीपुरा तक सड़क निर्माण - 54.69 लाख रूपये।
- गांव नारायणपुर में पीडब्ल्यूडी सड़क से फरीदपुर सड़क तक सड़क निर्माण - 47.56 लाख रूपये।
- गांव हसनपुर जट में मेन चौराहे से मिलक गंगोड़ा की ओर सड़क निर्माण - 61.93 लाख रूपये।
- गांव मीमला में पीडब्ल्यूडी मेन सड़क से रितिक के प्लाट तक सड़क निर्माण - 21.78 लाख रूपये।
- गांव शेरपुर पित्ता में राजेन्द्र सिंह के घर से शंभू सिंह के घर तक सड़क निर्माण - 27.71 लाख रूपये।
- गांव इब्राहिमपुर खंडसाल में दलित बस्ती से राधोरामपुर तक सड़क निर्माण - 23.77 लाख रूपये।
- गांव गिलाड़ी से ढकोली के सरकारी स्कूल तक सड़क निर्माण - 30.50 लाख रूपये।
- गांव खतापुर में तालाब से शेरपुर फरीदपुर मार्ग तक सड़क निर्माण - 41.74 लाख रूपये।
- गांव जोगीपुरा से जुजरा जट की ओर सड़क निर्माण - 41.47 लाख रूपये।

## फोन हैक कर की ठगी 54 हजार की चपत लगी

**सहसपुर ( चिंगारी )।** साइबर ठगी किस हद तक बढ़ गई है इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब बिना किसी कॉल या ओटीपी के भी लोगों के बैंक खाते से रूपये साफ किए जा रहे हैं। स्थानीय मोहल्ला चौधरियान निवासी नसीम अहमद पुत्र अफजाल अहमद, जो लेस का कारोबार करते हैं, साइबर ठगी का शिकार हो गए। नसीम अहमद ने बताया कि उनके बैंक खाते में करीब 54,200 रुपये जमा थे। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे वह नमाज़ अदा करने के लिए गए और अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गए। लगभग 20 मिनट बाद जब वह वापस लौटे तो उनके मोबाइल पर खाते से 54,200 रुपये कटने का मैसेज आया हुआ था। यह देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत मोबाइल चेक किया तो पता चला कि रकम किसी 'अमानतुल्ला' नाम के खाते में ट्रांसफर की गई है। पीड़ित का कहना है कि न तो उनके पास कोई कॉल आई और न ही किसी प्रकार का ओटीपी या मैसेज साझा किया गया, इसके बावजूद खाते से पूरी रकम निकाल ली गई। उन्होंने साइबर क्राइम थाना बिजनौर में शिकायत दर्ज करा दी है और कार्रवाई की मांग की है। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि अनजान लिंक, ऐप और संदिग्ध फाइलों से सावधान रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि साइबर ठग नये-नये तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं।

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से हड़कम्प

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला कोटरा में रखे ट्रांसफार्मर के केबल बॉक्स में भीषण आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे विद्युतकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद रेत डालकर आग को बुझाया गया। जानकारी के अनुसार बीती रात 11 बजे मौहल्ला कोटरा में उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई, जब रामसहायवाला की चुंगी की ओर जाने वाले रास्ते पर रखे विद्युत टांसफार्मर के केबिल बाक्स में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटों और धुएं के गुब्बार ने भीषण रूप धारण कर लिया। आग का पता लगते ही सैकड़ों लोगों की भीड़ घटना स्थल पर जमा हो गई, परन्तु करंट की आशंका के चलते कोई भी व्यक्ति आग बुझाने या पास जाने की हिम्मत नहीं कर सका। घटना की सूचना विद्युत विभाग के जेई को दिये जाने पर कुछ देर बाद विद्युत कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद रेत आदि डालकर आग को बुझाया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। इस घटना में केवल जल जाने से मौहल्ले की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। भीषण गर्मी में बिजली गायब हो जाने से लोग बेहाल हो गए। विद्युतकर्मियों द्वारा कड़ी मशक्कत कर रात में ही तीन घंटे बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दिये जाने पर क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।

## सटोरिया पकड़ा गया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि चैकिंग के दौरान धर्मवीर उर्फ भगत पुत्र सुखपाल नाथ निवासी ग्राम कामराजपुर थाना नांगल को सट्टे की दो पर्ची, एक पिन्नी, पेंसिल, 2,180 रूपये की नकदी एवं की-पैड मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरस्वरूप शर्मा, का. रोहित तथा रि. का. रविकांत शामिल रहे। धर्मवीर के विरुद्ध थाना नांगल पर पहले भी जुआ अधिनियम तथा शराब अधिनियम के तहत चार मुकदमे दर्ज हैं।

## देशबंधु चौहान का स्वागत किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** भाजपा नहटौर मंडल की ब्लॉक कार्यालय परिसर में बैठक आयोजित हुई, जिसमें नवदीप मंडल प्रभारी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष देशबंधु चौहान का स्वागत किया गया। बैठक में संगठन आत्मक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए 31 मई को बूथ स्तर पर बैठक एवं मन की बात कार्यक्रम सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, डा. उर्मिला पाल, अर्पित गुप्ता, राहुल चौधरी, कपिल शर्मा, मंजीत, प्रशांत वर्मा, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, विनित गोयल, अत्री त्यागी, सावन, मंजीत कुमार, कुलवीर देवपुत्र, अंकुश अग्रवाल, आकाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नांगलवालों से रूठ गई गंगा मैया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पिछले चार साल से गंगा मैया नांगलवासियों से रूठी हुई हैं, क्योंकि नांगल की ओर की गंगा धारा में डुबकी लायक जल नहीं है। अंतिम संस्कार करना हो या अमावस्या का स्नान, क्षेत्रवासियों को उत्तराखंड की ओर की धारा पर जाना पड़ता है। गंगा स्नान के तीन मेले भी उत्तराखंड की ओर वाली धारा पर ही लगे हैं।

नांगल के सामने गंगाजी की दो धारायें हैं। एक धारा नांगल की ओर की है और दूसरी धारा उत्तराखंड की ओर की है। बीच में स्थित हजारों बीघा भूमि पर फसल उगाई जा रही है। चार साल से नांगल की ओर की धारा में केवल बरसात में ही जल आ रहा है। अन्य मौसम में इस धारा में बेहद कम जल रहता है। इस जल में स्नान कर पाना असंभव है। जबकि गर्मियों में तो इस धारा में 'नगण्य' जल रह जाता है। इस समय तो इस तरफ की धारा सूखी पड़ी है। नाम मात्र को इसके चलते अमावस्या का स्नान हो या अंतिम संस्कार का अवसर क्षेत्रवासियों को उत्तराखंड की ओर की धारा पर ही जाना पड़ता है। जितनी दूरी नांगल की बस्ती के अंतिम छोर से प्रथम गंगा धारा की है, उतनी ही दूरी प्रथम धारा से दूसरी धारा की है। दूरी दोगुनी होने के कारण अमावस्या पर गंगा स्नान के लिये जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या घट रही है। वहां तक पहुंचने में काफी समय लगता है। दरअसल, उत्तराखंड के ग्राम रामपुर रायघटी के सामने नांगल की ओर आने वाली धारा के समक्ष रेत की काफी ऊंची ढांग खड़ी हो गई है। इसके चलते इस ओर की धारा में जल नहीं आ पा रहा है। बरसात में जब गंगा में उफान आता है और ये ढांग जल में डूब जाती है, तब ही इस ओर की धारा में जल आता है। सर्दियों तथा गर्मियों में इस तरफ की धारा में जल न आने के कारण नांगल तथा क्षेत्र के व्यक्ति काफी चिंतित हैं।

## अग्निवीर भर्ती हेतु युवाओं को टिप्स दिये

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में शनिवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में अग्निवीर भर्ती पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व सैनिकों ने युवाओं के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यक्रम तीन चरणों में सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण में करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता एक्स सर्विसमैन पवन शर्मा और रविन्द्र काकरान रहे। मुख्य वक्ताओं द्वारा अग्निवीर की भर्ती के लिये प्रयासरत युवाओं को अग्निवीर आर्मी, नौसेना और वायुसेना की भर्ती प्रक्रिया, योग्यता एवं तैयारी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। 'हाउ टू ज्वाइन इंडियन आर्मी, नेवी एंड एयरफोर्स' विषय पर युवाओं के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। द्वितीय चरण में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रधानाचार्य सहित समस्त स्कूल स्टाफ ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। तृतीय चरण में अतिथि सम्मान के तहत छात्राओं ने स्वयं तैयार किये गये व्यंजन अतिथियों को खिलाकर विद्यालय की परंपरा के अनुरूप उनका स्वागत किया। स्कूल के एम.डी. एवं एक्स सर्विसमैन डालचन्द पाल तथा प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से ग्रामीण छात्रों को रक्षा सेवाओं में करियर बनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में 350 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



छात्राओं द्वारा बनाये गये व्यंजन का लुत्फ लेते अतिथिगण एवं स्कूल स्टाफ।

# हेजलमून स्कूल में हुआ वर्कशॉप का आयोजन




**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक विकास को ध्यान में रखते हुए 'विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा' विषय पर एक वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमती अनीता सिवाच तथा श्रीमती आदर्श त्यागी उपस्थित रहीं। वर्कशॉप के दौरान श्रीमती अनीता सिवाच ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन के बारे में सरल एवं उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनने तथा जीवन की चुनौतियों का सकारात्मक रूप से सामना करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही रिसोर्स पर्सन आदर्श त्यागी ने वर्कशॉप में उपस्थित सभी शिक्षकों को भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि शिक्षक विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए, उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनना चाहिए तथा उन्हें प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की तुलना दूसरों से करने के बजाय उनकी क्षमताओं को पहचानना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना आवश्यक है। इस अवसर पर विधालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल व प्रधानाचार्य गरिमा सिंह ने भी अपने विचार साझा किए।

# संजीव अग्रवाल बने सीए, बधाई




**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला गोकुलनगर निवासी संजीव अग्रवाल के होनहार पुत्र वासु के सीए बनने पर उनके परिजनों को लोगों द्वारा बधाई दी जा रही है। वरिष्ठ चिकित्सक डा परमजीत सिंह ने सीए वासु को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# हादसे का सबब बन सकता है गला हुआ पोल



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा में नूर मस्जिद के पास खड़ा विद्युत पोल नीचे से पूरी तरह गल चुका है, जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। मुहल्लेवासी चांद हाशमी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से समय रहते इस ओर तुरंत ध्यान देकर पोल को बदलवाये जाने की मांग की, ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके।

# मुख्य मार्गो पर पुलिस ने पैदल गश्त किया



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** ईदुल अजहा के मद्देनजर पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल गश्त किया। थाना प्रभारी निरिक्षक जय भगवान सिंह की अगुवाई में हीमपुर दीपा पुलिस ने स्थानीय गांव रतनपुर खुर्द /हीमपुर दीपा के मुख्य मार्गो पर पैदल गश्त कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का क्षेत्र वासियों से आह्वान किया।क्षेत्र के धर्मगुरुओ, संभ्रांत व्यक्तियों तथा ग्राम प्रधानों से संपर्क कर सरकार द्वारा गाइडलाइंस का पालन करने हेतु सुझाव दिए जा रहे हैं। किसी भी व्यक्ति को नई परंपरा की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने सभी से अपील की की इदुल अजहा को शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे, सौहार्दपूर्ण ढ़ग से मनाने की आपी की है। वरिष्ठ एसआई कर्मवीर सिंह तालान सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# आंधी में गिरे पेड़ की आड़ में पांच पेड़ काटे



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** आंधी तूफान में गिरे एक पेड़ की आड़ में ग्राम समाज के पांच विशाल पेड़ो पर रात के अंधेरे में आरा चला दिया गया जोगी औंधा ग्राम पंचायत के मारुफपुर गांव निवासी ताहर सिंह ने यह आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। बताया कि आराजी खसरा नंबर 34 जो ग्राम समाज रास्ते की आराजी है जिसमें विभिन्न प्रजाति के लगभग 96 पेड़ खड़े हैं। पिछले दिनों एक पेड़ आंधी में गिर गया था। उस पेड़ की आड़ लेकर लिपटिस, सीरस और चार पेड़ पॉपुलर के काट लिए गए जिससे ग्राम समाज को आर्थिक क्षति पहुंची है। उधर यह भी सुना गया है कि एक आरोपी के विरुद्ध धारा 67 के तहत कार्रवाई हो चुकी है। बेदखली के आदेशो के बावजूद ग्राम समाज की अराजी को कब्जा मुक्त नहीं कराया जा सका।

# समाधान दिवस का आयोजन

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** शनिवार को थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह द्वारा की गई। थानाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना समाधान दिवस में क्षेत्र के मारुफपुर, ननुपुरा, पीपली, रौनिया, अजुपुरा जट गांव से आई राजस्व संबंधित शिकायत दर्ज की गई है जबकि चार शिकायत पहले से ही चिन्हित है। सभी शिकायतों के निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों को मौके पर रवाना किया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार सिकन्दरी गांव के धूम सिंह किसान द्वारा चकरोड के कब्जे को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसमें मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जोगी औंधा के ग्राम प्रधान की बहाली के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

**बिजनौर ( चिंगारी )। जिले की चर्चित ग्राम पंचायत जोगी औंधा के ग्राम प्रधान कमित कुमार को जिलाधिकारी द्वारा बहाल करने के आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है, जिससे ग्राम प्रधान पक्ष में मायूसी छा गयी है।**

उल्लेखनीय है कि प्रधान जोगी औंधा कमित कुमार के विरूद्ध ग्रामीणों ने 21 लाख रूपये अपनी निजी फर्म में ट्रांसफर करने और विकास कार्यों में घोटाला करने का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी ने इसकी उच्च स्तरीय जांच करायी तो आरोप सत्य पाये गये थे। जिस पर जिलाधकारी ने 17 दिसम्बर 2025 को ग्राम प्रधान कमित कुमार और दो पंचायत सचिवों को निलम्बित कर दिया था। जिस पर ग्राम प्रधान जोगी औंधा हाईकोर्ट चले गये थे। हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी को आदेश दिया था कि ग्राम प्रधान की एक माह में जांच कर हाईकोर्ट को सूचित करें। जिलाधिकारी ने इसके बाद ग्राम प्रधान को बहाल कर दिया था। इस आदेश के विरूद्ध शिकायतकर्ता हाईकोर्ट चले गये। हाईकोर्ट ने 21 लाख रूपया ग्राम प्रधान ने अपनी निजी फर्म में लिया जाना अनिमियतता मानते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी है। जिस कारण ग्राम प्रधान पक्ष में पुन: मायूसी छा गयी है।

# सिद्ध कुटी पर गंगा दशहरा पर कल लगेगा मेला

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** उत्तराखंड (हरिद्वार) के गंगा किनारे स्थित सिद्ध कुटी आश्रम में गंगा दशहरा पर लगने वाले मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सुरक्षा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित मोटरसाइकिल स्टैंड, प्रसाद-खानपान की दुकानें और भक्तों के लिए विशेष भंडारों का इंतजाम किया गया। सिद्ध कुटी आश्रम, गैंड़ीखाती ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता गंगा दशहरा (25 मई) के पावन अवसर पर वार्षिक मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालु जुटेंगे। मेले में प्रसाद (गुड़ की भेली आदि) खिलौनों और खानपान की सैकड़ों दुकानें पूरी तरह से सजकर तैयार हो चुकी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आश्रम के आसपास वन क्षेत्र में रसिया बांधकर मोटरसाइकिल स्टैंड और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है। वहीं मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए वर्षो से भंडारा कर रहे वालिया ग्रुप व गुप्ता जी मेरठ वालों द्वारा अपनी टीम के साथ पहुंचकर भंडारे की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। सिद्धकुटी आश्रम के महंत बालक दास ने बताया कल लगने वाले मेले की तैयारी जोर-जोर से पूरी की जा रही है।

# वालिया परिवार करायेगा भण्डारा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कल ज्येष्ठ के दशहरा पर चिड़ियापुर के निकट स्थित प्राचीन सिद्धकुटी पर 57वें विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि आज 57 वर्ष पूर्व नजीबाबाद के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी श्री रामगोपाल वालिया ने इस भण्डारे की शुरूआत की थी, जो आज भी जारी है। सिद्धकुटी बहुत ही प्राचीन अध्यात्मिक स्थल है। गंगा के किनारे तथा जंगल के बीच में स्थित यह स्थल शुरू से ही साधु-संतों की तपोभूमि रहा है। आज भी यहां बड़ी संख्या में सन्यासियों को देखा जा सकता है। पहले यहां ज्येष्ठ के दशहरा पर बहुत कम लोग आते थे, किन्तु आज यहां बहुत बड़ा मेला लगता है तथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते है। यहां होने वाले विशाल भण्डारे का आयोजन अब होटल वालिया रेजीडेंसी नजीबाबाद के स्वामी कमलकान्त वालिया और रमाकांत वालिया अपने पिता श्री रामगोपाल वालिया तथा माता शकुंतला रानी की याद में बदस्तूर करते आ रहे हैं। उन्होंने सभी धर्मप्रेमियों से अपील की है कि भण्डारे में प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठायें।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ऋषिकेश विधायक का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन तथा उत्तराखण्ड सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री, ऋषिकेश के वर्तमान विधायक डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल का जन्मोत्सव पंचायत घर खांड गांव नंबर एक रायवाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर दोनों नेताओं के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की और केक काटकर एक-दूसरे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल जैसे जनप्रतिनिधि राष्ट्रहित, समाजसेवा एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। स्वामी रसिक महाराज ने भगवान नृसिंह देव एवं भगवान बद्रीनाथ से दोनों नेताओं के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रसाद एवं मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दिव्या बेलवाल, ग्राम प्रधान श्रीमती सविता नेगी, राजेश जुगलान, गणेश रावत, सुरेश कुकसाल, रेनू विष्ट, दरम्यान सिंह रावत, कुलदीप नेगी, बालेन्दु नेगी आदि उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल व इन्टर के टापर्स सम्मानित

## पीटीए का भी गठन
## अध्यक्ष बने कृष्ण दर्शन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत लाल बत्ती चौक स्थित राजकीय इंटर कालेज में आयोजित अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक में विद्यालय की हाई स्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने कहा कि विद्यालय के शैक्षिक परिणाम में उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है। गत शैक्षणिक सत्र में विद्यालय के कई छात्र - छात्राओं ने खेल, विज्ञान एवं कला स्पर्धाओं में राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर पर उच्च प्रदर्शन किया है। भारत सरकार के सौजन्य से विद्यालय के दो शिक्षक व दो छात्र इस बार नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुए हैं। यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। तत्पश्चात वर्ष 2026 की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के टॉपर्स कु. अंशिका पाल, आकाश व अंशपाल तथा इंटर के टॉपर सूरज कुमार विज्ञान वर्ग, हिमांशु कुमार कला वर्ग व कु. मोनिका वाणिज्य वर्ग को सम्मानित किया गया। साथ ही बैठक में विद्यालय के पूर्व पीटीए अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल को भी विद्यालय हित में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए कृष्ण दर्शन भदोला को अध्यक्ष, प्रधानाचार्य मुकेश रावत को पदेन उपाध्यक्ष, शिक्षकअनूप सिंह नेगी को सचिव, अर्जुन अग्रवाल को उप सचिव, कौशल्या देवी कोषाध्यक्ष तथा श्री श्रीशचंद्र तिवारी, सुरभि सचदेवा, कृपाली रावत, निर्मला देवी, सुमन देवी, सरिता देवी, बुद्धि पाल सिंह, सुधीर डंगवाल व विजयकांत बलूनी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रेखा भट्ट व शिक्षक नागेंद्र सिंह चौहान, सीतांशु खुगशाल और देवेंद्र कुमार रावत सहित समस्त अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के लिए की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता ओबीसी मोर्चा श्यामपुर मंडल द्वारा रेलवे फाटक के निकट प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। जिला महामंत्री प्रतीक कालिया ने कहा कि जब भी प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर होते है, एक ओर तो उन्हें वहां सम्मानों से नवाजा जाता है, दूसरी ओर विपक्ष के नेता उनके सम्बंध में अभद्र टिप्पणियां करते हैं जो राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को शोभा नहीं देता। पुतला दहन कार्यक्रम में चन्द्रमोहन पोखरियाल, मंडल अध्यक्ष, पुष्पा ध्यानी जिला उपाध्यक्ष, सत्यपाल राणा, पंकज जुगलान, मंडल महामंत्री जितेन्द्र पोखरियाल, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा, विमल चन्द्र, अमन प्रीत सिंह, पूनम व्यास, सुप्रिया शर्मा, कमला नेगी, प्रदीप धस्माना, राज राणा आदि उपस्थित थे।

# जिला उद्योग केन्द्र में कार्यशाला का आयोजन

## प्रशिक्षुओं को उद्योग सम्बंधी जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आईटीआई प्रशिक्षुओं एवं स्थानीय उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा कौशल आधारित रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला उद्योग केंद्र में सीमेंस, टाटा स्ट्राइव, आईटीआई तथा जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान आईटीआई एवं विभिन्न उद्योगों के मध्य 08 एमओयू हस्तांतरित किए गए, जिससे तकनीकी प्रशिक्षण और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच तालमेल को और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में 25 से अधिक उद्योगों तथा आईटीआई के प्रशिक्षुओं ने सहभागिता करते हुए 11 नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए। प्रतिभागियों ने इस पहल को कौशल शिक्षा और उद्योगों के बीच मजबूत साझेदारी की दिशा में प्रभावी कदम बताया। कार्यक्रम में कुल 110 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षुओं को उद्योगों की कार्यप्रणाली, तकनीकी आवश्यकताओं और रोजगार संभावनाओं की जानकारी भी दी गयी। कार्यशाला में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग एवं प्रबंधक राजेन्द्र प्रकाश आर्य, सिडकुल निर्माता संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं सचिव विवेक चौहान, आईटीआई कोटद्वार के प्रधानाचार्य सुशील कुमार तथा आईटीआई दुगड्डा के प्रधानाचार्य गोविंदा उपस्थित रहे। वहीं सीमेंस एवं टाटा स्ट्राइव की ओर से सैबल अदक, प्रसन्न सिंह नेगी एवं सुभाष डबराल मौजूद रहे।

# पर्यटकों से मारपीट करके हुये थे फ़रार दो पहले पकड़े गये, दो हुये अब गिरफ़्तार



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** थाना ऋषिकेश क्षेत्र अंतर्गत काले की ढाल में दूसरे राज्य से ऋषिकेश घूमने आए व्यक्तियों के साथ मारपीट एवं वाहन क्षतिग्रस्त किए जाने के संबंध में थाना ऋषिकेश में बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शीघ्र आदेश किए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश ने घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार तत्काल टीम का गठन किया। मामले में अशोक थापा एवं नरेश कश्यप को गिरफ्तार कर किया जा चुका है। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना में शामिल दो अन्य व्यक्ति ट्रांजिट कैम्प के पीछे कहीं जाने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि घटना के दौरान भीड़ के साथ मिलकर उनके द्वारा भी मारपीट, वाहन में तोड़फोड़ की गई थी, जिसके बाद वे लगातार पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए इधर-उधर छिपते रहे थे। अभियुक्त का नाम पता अमित पुत्र ओमपाल निवासी कृष्णानगर कॉलोनी, विश्वकर्मा मंदिर के पास, आईडीपीएल ऋषिकेश उम्र 28 वर्ष व अर्जुन भारती पुत्र रामकिशोर भारती निवासी कृष्णानगर कॉलोनी, पानी की टंकी के पास, आईडीपीएल उम्र 24 वर्ष है। पुलिस टीम में उ.नि. निखिलेश सिंह बिष्ट, तेजपाल, जयवीर, सोहन सिंह, हिमांशु कुमार शामिल थे।

# बीएड के सेमेस्टर परीक्षा शुल्क में वृद्धि का विरोध

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस की पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत ने श्रीदेव सुमन विवि द्वारा बीएड प्रशिक्षणार्थियों से लिए जाने वाले सेमेस्टर परीक्षा शुल्क में वृद्धि किए जाने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि परीक्षा शुल्क में वृद्धि को अविलंब वापस लिया जाना चाहिए। इस संबंध में उन्होंने प्रशिणार्थियों के अभिभावकों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय द्वारा इससे पूर्व बीएड प्रशिक्षणार्थियों से एक सेमेस्टर का परीक्षा शुल्क 2760 रुपए लिया जाता रहा है, लेकिन वर्तमान प्रशिक्षण सत्र में इसमें दो सौ रुपए की वृद्धि कर दी गई है, जो अनुचित है। कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल में एक सेमेस्टर का बीएड परीक्षा शुल्क 1750 रुपए है, वहीं कुमाऊं विश्वविद्यालय में एक सेमेस्टर का परीक्षा शुल्क 1850 रुपए निर्धारित है। केवल उत्तराखंड प्रदेश के विश्व विद्यालयों में ही बीएड परीक्षा शुल्क में वृद्धि की गई है। इससे महाविद्यालयों के गरीब प्रशिक्षुओं को आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। ज्ञापन में राज्यपाल से इस संबंध में उचित कार्रवाई करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में बलबीर सिंह रावत, बीरेंद्र सिंह रावत, दलीप सिंह नेगी, सुरेन्द्र सिंह गुसाईं, भरत सिंह नेगी, धीरेन्द्र सिंह नेगी, चंद्र मोहन सिंह और मदन सिंह रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में बुजुर्ग को 25 साल का कठोर कारावास

## विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र राठौर की सशक्त पैरवी से 6 माह में आया निर्णय

**बिजनौर ( चिंगारी )**। विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्रीमती कल्पना पांडे ने करीब 6 महीने पहले यूकेजी में पढ़ने वाली 8 वर्षीय बच्ची को लालच देकर अपने साथ ले जाने और कमरे में बंद कर दुष्कर्म करने के मामले में नगीना क्षेत्र के 67 वर्षीय मोहम्मद शाहिद को दोषी पाकर उसे 25 साल की कठोर कारावास तथा 55 हजार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र राठौर की सशक्त पैरवी से मामले में केवल 6 महीने में ही निर्णय आया।

विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र राठौर के अनुसार नगीना क्षेत्र की एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें बताया कि उसका पति कोटद्वार में रहकर फर्नीचर का काम करता है। उसके चार बच्चे हैं। महिला की 8 वर्षीय बच्ची क्षेत्र के एक स्कूल में यूकेजी में पढ़ती है। 13 नवंबर 2025 को उसकी 8 वर्षीय बेटी ने स्कूल से लौटकर अपनी मां को बताया कि एक अंकल रास्ते में जाते हुए उसे पकड़कर अपने घर ले गए और कमरे में बंद कर उसके साथ बुरा काम किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी आते-जाते वक्त बच्ची को टाफी का लालच देता था और कभी-कभार 20 रूपए भी देता था। घटना वाले दिन अभियुक्त ने बच्ची को अपने पास बुलाया और चॉकलेट का लालच देकर उसे अपने साथ ले गया था। बच्ची ने यह भी बताया कि उन अंकल ने उसे डराया कि अगर वह अपनी अम्मी को बताएगी तो वह उसकी पिटाई करेगा। बच्ची की बात सुनकर महिला तुरंत अपनी बच्ची के साथ आरोपी के घर पहुंची तो अभियुक्त ने महिला के साथ भी मारपीट की कोशिश की। तब महिला ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। जांच में अभियुक्त का नाम शाहिद पुत्र वाहिद नगीना प्रकाश में आया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शाहिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और उसके खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने इस मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए इस बेहद गंभीर मामले में शनिवार को अपना निर्णय सुनाते हुए शाहिद को 25 वर्ष कठोर कारावास तथा 55 हजार रुपये अर्थदंड कीसजा सुनाई।


खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!




कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा


पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें

Shakti Chowk (Bijnor)

CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231


# जमीनी विवाद में हुए हमले में चार को कोर्ट ने सुनाई सजा

**बिजनौर ( चिंगारी )**। अपर सत्र एवं जिलान्यायाधीश पोक्सो एक्ट लोकेश नागर ने न्यायालय से स्टे के बावजूद खेत पर काम करने और विरोध करने पर दो को मारपीट कर घायल करने के मामले में अरविंद को पांच वर्ष की कठोर कारावास जबकि पंकज, बसंत और भूपेंद्र को दो-दो वर्ष कारावास तथा 32 हजार रुपये अर्थदंड की सज़ा सुनाई है। अर्थदंड की धन राशि में से 15 हजार रुपये घायल ओमराज सिंह को और पांच हजार रुपये अमित कुमार को देने के आदेश भी दिए हैं। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पवार के अनुसार संतोष कुमारी पत्नी ओमराज सिंह निवासी गांव सलावा थाना धामपुर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि उसके देवर धर्मपाल सिंह की जमीन का गांव निवासी अरविंद ने एक बैनामा अपनी पत्नी संजीता के नाम कराया था। उक्त जमीन पर धर्मपाल सिंह ने न्यायालय से स्टे ले रखा है। 14 अप्रैल 2023 को वादनी के पति ओमराज सिंह उक्त जमीन के पास गए तो देखा कि अरविंद उक्त जमीन को जोत रहे हैं। ओमराज और उसके भाई धर्मपाल सिंह ने अरविंद को खेत जोतने से मना किया तभी अरविंद ने गाली गलौज करते हुए दोनों को जान से मारने की धमकी दी और अरविंद ने अपने हाथ में लिए डंडे से ओमराज के सिर पर वार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे अमित कुमार पर भी बसंत सिंह, पंकज शर्मा और भूपेंद्र ने हमला कर मारपीट की। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश लोकेश नागर ने अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

कैसा भी दर्द हो मात्र 10 मिनट में राहत वह भी बिना दवाइयों के

शक्तिपात योग थैरेपी

कमर-घुटने के दर्द, साईटिका डिस्क स्लिप के लाइलाज वाले तुरंत सम्पर्क करें-

शिव शक्ति योग पीठ

जानकीपुरम, कृष्णा कॉलेज के सामने, नूरपुर रोड, बिजनौर

मो. 9870746060



Gents Specialist

CLASSIC TAILORS 9927060150

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476

